# 68. भारत के ऊर्जा संसाधन

1. निम्नलिखित में से कौन ऊर्जा के गैर परम्परागत स्रोत (Non-Conventional) की श्रेणी में आता है ?
(a) कोयला (b) पेट्रोलियम (c) प्राकृतिक गैस (d) बायो गैस

2. निम्नलिखित में से कौन ऊर्जा का परम्परागत स्रोत नहीं है ?
(a) प्राकृतिक गैस (b) कोयला
(c) खनिज तेल (d) भूतापीय ऊर्जा

3. निम्नलिखित में से किस प्रकार की ऊर्जा से सबसे कम वायु प्रदूषण होता है ?
(a) तापीय ऊर्जा (b) जलीय ऊर्जा
(c) नाभिकीय ऊर्जा (d) सौर ऊर्जा

4. भारत में ऊर्जा का मुख्य स्रोत क्या है ?
(a) आण्विक (b) तापीय (c) जल-विद्युत (d) सौर
*[SSC 2011, 2013]*

5. भारत की पहली लहर ऊर्जा परियोजना निम्न में से किस स्थान पर स्थापित की गई है ?
(a) कांडला (b) विझिनजाम (c) कारवाड़ (d) धारवाड़

6. चेन्नई के समीप कलपक्कम नामक स्थान पर निम्न में से किसकी स्थापना की गई है ?
(a) अखबारी कागज संयंत्र (b) लिग्नाइट कारखाना
(c) नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र (d) तेलशोधन संयंत्र

7. काकरापार परमाणु शक्ति केन्द्र निम्नांकित में से किस राज्य में है ?
(a) कर्नाटक (b) गुजरात (c) तमिलनाडु (d) महाराष्ट्र

8. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए—

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| A. | तारापुर परमाणु शक्ति केन्द्र | 1. | कर्नाटक |
| B. | रावतभाटा परमाणु शक्ति केन्द्र | 2. | गुजरात |
| C. | काकरापार परमाणु शक्ति केन्द्र | 3. | राजस्थान |
| D. | कैगा परमाणु शक्ति केन्द्र | 4. | महाराष्ट्र |

| कूट : | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

9. कैगा में होता है—
(a) पोटैशियम निष्कर्षण (b) नाभिकीय ऊर्जा उत्पादन
(c) जल-विद्युत् उत्पादन (d) कोयला उत्खनन

10. भारत का प्रथम परमाणु ऊर्जा उत्पादन केन्द्र है—
(a) नरौरा (उत्तर प्रदेश) (b) तारापुर (महाराष्ट्र)
(c) कलपक्कम (तमिलनाडु) (d) काकरापार (गुजरात)

11. नीचे दिये गये दो स्तंभों में राज्यों के नाम और वहाँ अवस्थित न्यूक्लियर रिएक्टरों के नाम दिए गए हैं। सही मिलान दिए गए विकल्पों में क्या है ?

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| A. | कर्नाटक | 1. | नरोरा |
| B. | तमिलनाडु | 2. | कैगा |
| C. | उत्तर प्रदेश | 3. | काकरापार |
| D. | गुजरात | 4. | कुडनकुलम |

| कूट : | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

*[BSSC 2016]*

12. भूतापीय ऊर्जा पर आधारित मनीकरण बिजली संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?
(a) अरुणाचल प्रदेश (b) हिमाचल प्रदेश
(c) जम्मू और कश्मीर (d) उत्तराखण्ड *[UPSC 2013]*

13. देश में कुल विद्युत् उत्पादन में ताप-विद्युत् का योगदान है—
(a) 60% (b) 70% (c) 80% (d) 90%

14. तालचर एवं इन्नौर उल्लेखनीय है—
(a) परमाणु शक्ति संयंत्रों हेतु
(b) जल-विद्युत् शक्ति संयंत्रों हेतु
(c) भू-तापीय शक्ति संयंत्रों हेतु
(d) तापीय शक्ति संयंत्रों हेतु

15. राष्ट्रीय ताप-विद्युत् निगम (N.T.P.C) की निम्नलिखित केन्द्रों एवं सम्बन्धित राज्यों को सुमेलित करें—

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| A. | सिंगरौली | 1. | छत्तीसगढ़ |
| B. | कोरबा | 2. | मध्य प्रदेश |
| C. | रामागुण्डम | 3. | तेलंगाना |
| D. | कहलगाँव | 4. | बिहार |

| कूट : | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

16. निम्नलिखित ताप विद्युत् केन्द्रों एवं संबंधित राज्यों में कौन सुमेलित नहीं है ?
(a) ओबरा — उत्तर प्रदेश (b) विन्ध्याचल — मध्य प्रदेश
(c) तालचर — ओडिशा (d) कोरबा — मध्य प्रदेश

17. भारत की प्रथम जल-विद्युत् परियोजना है—
(a) कृष्णा नदी पर शिवसमुद्रम परियोजना
(b) शरावती नदी पर महात्मा गाँधी परियोजना
(c) कावेरी नदी पर शिवसमुद्रम परियोजना
(d) सतलज नदी पर भाखड़ा नांगल परियोजना

18. चूखा जल-विद्युत् परियोजना जो कि भारत एवं भूटान की संयुक्त परियोजना है, किस नदी पर स्थित है?
(a) मानस नदी (b) तिस्ता नदी
(c) वांग्चू नदी (d) महाकाली नदी

19. महात्मा गाँधी जल-विद्युत् परियोजना स्थित है—
(a) कर्नाटक में कावेरी नदी पर (b) कर्नाटक में तुंगभद्रा नदी पर
(c) कर्नाटक में शरावती नदी पर (d) कर्नाटक में कृष्णा नदी पर

20. दुलहस्ती जल-विद्युत् परियोजना स्थित है—
(a) जम्मू-कश्मीर में झेलम नदी पर (b) जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर
(c) हिमाचल प्रदेश में सतलज नदी पर (d) हिमाचल प्रदेश में व्यास नदी पर

21. लोकटक शक्ति परियोजना निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?
(a) प० बंगाल (b) केरल (c) मेघालय (d) मणिपुर

22. निम्न में से किस स्थान पर विद्युत जलशक्ति से पैदा की जाती है?
(a) न्येवली (b) एन्नौर (c) तूतीकोरिन (d) मेट्टूर
[SSC CPO SI, 2010]

23. भारत की कुल ऊर्जा खपत में निम्नलिखित साधनों के योगदान के आधार पर इनका सही अवरोही क्रम है—
(a) कोयला, पेट्रोलियम, जल विद्युत्, प्राकृतिक गैस
(b) कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, जल-विद्युत्
(c) पेट्रोलियम, कोयला, प्राकृतिक गैस, जल-विद्युत्
(d) पेट्रोलियम, कोयला, जल विद्युत्, प्राकृतिक गैस

24. पवन ऊर्जा के उत्पादन में भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है?
(a) दूसरा (b) तीसरा (c) चौथा (d) पाँचवाँ

25. भारत में प्रथम जल-विद्युत् केन्द्र (hydro-electric station) की स्थापना 1897 ई० में कहाँ की गई थी?
(a) शिवसमुद्रम (b) दार्जिलिंग (c) मोहरा (d) खोपोली

26. एशिया की पहली भूमिगत जल-विद्युत् परियोजना भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किसमें स्थित है?
(a) जम्मू और कश्मीर (b) हिमाचल प्रदेश
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश [SSC, 2002]

27. भारत में विद्युत् आपूर्ति सबसे पहले कहाँ शुरू हुई?
(a) कोलकाता (b) दार्जिलिंग (c) मुम्बई (d) चेन्नई
[SSC, 2002]

28. ताप विद्युत परियोजना के संदर्भ में कौन-सा जोड़ा सही है?
(a) तलचर : आन्ध्र प्रदेश (b) कोरबा : उत्तर प्रदेश
(c) कवास : गुजरात (d) रामागुंडम : मध्य प्रदेश
[SSC, 2013]

29. ओबरा शहर प्रसिद्ध है—
(a) तेलशोधक कारखाने के लिए (b) थर्मल पावर प्लाण्ट के लिए
(c) स्टील उद्योग के लिए (d) ऐलुमिनियम प्लाण्ट के लिए
[RRB Loco Pilot 2003]

30. प्रथम जल-विद्युत् शक्ति केन्द्र (hydro-electric power station) कहाँ पर स्थापित किया गया था?
(a) चम्बल (b) दामोदर (c) मण्डी (d) शिवसमुद्रम
[RRB ASM /GG 2005, UPPCS 2013]

31. निम्नलिखित राज्यों में से कौन-सा पवन ऊर्जा के उत्पादन में प्रथम स्थान रखता है?
(a) गुजरात (b) महाराष्ट्र
(c) कर्नाटक (d) राजस्थान [UPPCS, 2013]

32. भारत के वाणिज्यिक ऊर्जा की ......प्रतिशत पूर्ति कोयले से होती है।
(a) 76 (b) 56 (c) 67 (d) 52
[BPSC, 2008]

33. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में वाणिज्यिक ऊर्जा का प्रधान स्रोत है?
(a) प्राकृतिक गैस (b) कोयला
(c) खनिज तेल (d) नाभिकीय ऊर्जा [UPPCS, 2008]

34. उड़ान एक गैस आधारित शक्ति परियोजना है—
(a) गुजरात में (b) कर्नाटक में (c) महाराष्ट्र में (d) तमिलनाडु में
[UPPCS, 2010]

35. केन्द्रीय जल एवं विद्युत शोध केन्द्र कहाँ स्थित है?
(a) खड़गवासला में (b) दिल्ली में (c) जामनगर में (d) श्रीसैलम में
[Bihar SSC 2011]

36. भारत में सबसे ज्यादा ताप-विद्युत उत्पन्न करने वाला राज्य कौन-सा है?
(a) तमिलनाडु (b) महाराष्ट्र (c) बिहार (d) छत्तीसगढ़
[SSC, 2011]

37. भारत में कुल उत्पादित विद्युत में परमाणु शक्ति का भाग है–
(a) 2% (b) 3%
(c) 4% (d) 5% [UPPCS, 2013]

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (d) | 3. (d) | 4. (b) | 5. (b) | 6. (c) | 7. (b) | 8. (c) | 9. (b) | 10. (b) | 11. (c) | 12. (b) | 13. (b) |
| 14. (d) | 15. (b) | 16. (d) | 17. (c) | 18. (c) | 19. (c) | 20. (b) | 21. (d) | 22. (d) | 23. (a) | 24. (d) | 25. (b) | 26. (b) |
| 27. (b) | 28. (c) | 29. (b) | 30. (d) | 31. (a) | 32. (c) | 33. (b) | 34. (c) | 35. (a) | 36. (b) | 37. (c) | | |